गृह पत्रिका

WE fly FOR YOU

# हंसध्वनि




## स्थापना दिवस

विशेषांक 2012



CMD, Pawan Hans had a meeting with Shri Mukul Sangma,
Hon'ble Chief Minister of Meghalaya on 24th July 2012 at Meghalaya Bhavan.



CMD, Pawan hans had a meeting with Shri PU Lalthanhawla,
Hon'ble Chief Minister of Mizoram on 25th July 2012 at Mizoram House.

CMD offered apprised the Hon'ble CM's on the safety initiatives taken by Pawan Hans on Safety issues and assured of safe flying and looking forward to long lasting relationship with the states.



# अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का संदेश

मित्रो,

पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड द्वारा अपना 28वां स्थापना दिवस 15 अक्तूबर, 2012 को मनाया गया, इस अवसर पर पवन हंस परिवार के सभी सदस्यों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं । इस अवसर पर यह उचित होगा कि हम आकलन करें कि पिछले 27 वर्षों में हम कहां तक पहुंचे हैं और अब किस दिशा में, किस गति से हमें आगे बढ़ना है ।

पवन हंस ओएनजीसी के ऑफशोर आपरेशन के साथ–साथ दूर–दराज के क्षेत्रों में संपर्कता देते हुए धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रसर है । गत वर्ष 2011–12 में पूर्वोत्तर राज्यों की दुःखद घटनाओं एवं कतिपय अन्य कारणों से इस कंपनी का व्यावसायिक परिणाम प्रभावित हुआ है । हमारे लिए यह संतोष का विषय है कि इसके बाद से वर्ष 2012–13 में हमने अपनी स्थिति को न केवल वापस पा लिया है, बल्कि और आगे बढ़ाने की तैयारी भी कर ली है । पूर्वोत्तर में आठ हेलीकॉप्टरों के साथ राज्य सरकारों के लिए अब पवन हंस के पांच हेलीकॉप्टर सेवाएं दे रहे हैं । निश्चित रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में पवन हंस की सेवाओं के परिदृश्य में सकारात्मक परिवर्तन आया है। मेघालय, मिजोरम, असम, अरूणाचल प्रदेश से नए अनुबंध प्राप्त हुए हैं, साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी हम शीघ्र अपनी सेवाएं आरंभ करने जा रहे हैं । इसी प्रकार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के विभिन्न संस्थानों के लिए भी हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं ।

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की ट्रांसमिशन लाइनों के लिए थर्मोविजन स्कैनिंग का काम भी हम अपने हेलीकॉप्टरों से करवा रहे हैं । पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी से लगे हुए बौद्ध धार्मिक स्थलों, देश की राजधानी दिल्ली को वृंदावन एवं मथुरा इत्यादि से जोड़ने की सेवाएं प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है । गत वर्ष हमारे लिए कठिन था, इस वर्ष बेहतर बेड़ा सेवाप्रदत्ता, बढ़े हुए राजस्व उड़ान की अवधि, बढ़े हुए प्रचालन राजस्व और प्रचालन लाभ के साथ कंपनी के भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है । लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के जिस माहौल में पवन हंस चल रहा है उसमें हमारे लिए हेलीकॉप्टर की मरम्मत और उनकी तैनाती एवं हमारे सभी संसाधनों का दक्षतापूर्वक उपयोग बहुत जरूरी है, वहीं दूसरी ओर हम सुरक्षा के किसी भी पहलू को अनदेखा नहीं कर सकते हैं । आज नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में किसी भी कंपनी को लाभ की स्थिति में रहने के लिए आवश्यक है कि वह अपनी सेवाओं को समग्र रूप से प्रतियोगात्मक रखे तथा कंपनी की समस्त सेवाएं कुशलतापूर्वक परिचालित की जाएं ।

मुझे यह कहने में भी कतई हिचक नहीं है कि पवन हंस में अभी भी संसाधनों का उपयोग पूरी कुशलता एवं दक्षता से नहीं हो पा रहा है, चाहे वे मानव संसाधन हों या तकनीकी संसाधन । हम में से प्रत्येक का यह दायित्व है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारा हर एक कार्य पवन हंस के हित में हो तथा हम सदैव पवन हंस के लिए प्रतिबद्ध रहें । मैं विश्वास करता हूं कि अगले वर्ष 29 वें स्थापना दिवस पर जब हम अपनी प्रगति का आकलन करेंगे तो हम सफलताओं के और ऊंचे शिखर पर होंगे ।

आपका,
अनिल श्रीवास्तव
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड

# Major Initiatives taken in 2012-13

## Business Initiatives

- **Andaman and Nicobar Admn:** Assignment of carrying out Study of the Growth of Civil Aviation over next ten years at Andaman and Nicobar Islands.
- **Govt. of Kerela :** Feasibility study carried out for introduction of Seaplane and helicopter services in Kerela.
- **Govt. of West Bengal :** Feasibility study carried out for sea plane operations in Dhigha, Sagar, Durgapur, Haldia etc and Helicopter services in Darjeeling.
- **Government of Madhya Pradesh :** Feasibility study carried out for introduction of helicopter services on Bhopal-Panchmari sector.
- **Government of Tamil Nadu :** Feasibility study conducted for Helicopter Services at places like Ooty, Rameshwaran, Kodaikalan, Madurai, etc.
- **Meghalaya :** Long term contract for Dauphin N3 helicopter awarded.
- **Power Grid Corporation :** LOI issued for conducting a pilot project covering Thermo Vision scanning of live transmission lines on Delhi-Mathura-Agra-Gwalior-Bina sector.
- **Vaishno Deviji opeartions :** To meet the emergent requirement of the Shrine Board, deployed 2 additional helicopters for the period 7th May to 28th June 2012.
- **Mizoram :** Award of contract for one Dauphin Helicopter awaited.
- **Settlement for GOI claim of Rs. 470 crores :** A revised Business Plan prepared by SBICAPS with options for settlement of the GOI claim submitted to MOCA.

## Increase in Efficiency

- Daily manifest entries logged in computer system from the detachments.
- Cross conversion of pilots (Cross conversion of pilots from Dhruv to Dauphin & MI-72 is under progress).
- Rostering of pilots to ensure optimal level of utilization.
- Monthly/Quarterly/Annually performance targets for executive (process initiated).
- Organization restructuring : Creation of Eastern Region for improved focus on NE (process being initiated).

## Cost Control Measures

- Improved Control over Over time, extended duty and special compensation.
- Establishment of Guest houses/Empanelment of hotels at Bases initiated.
- Regular posting (Inter Region transfer of officers).
- Assessment of man power requirement being initiated.



## Safety Measures

- All detachments and main Bases will be audited twice in a year for monitoring compliance to the Safety measures.
- Implementation of Safety recommendations suggested by Accident Investigation Team.

# CONVERSATION WITH INTEGRATED MANAGEMENT SYSTEM



(Bhupinder Kaur)
IMS Team Member

Pawan Hans was certified for Integrated Management System (IMS) on 27th September 2010. By now we are through with scheduled annual surveillance audit and internal audits. Audits whether internal or external are a source of providing opportunities for improvement and growth. It is a matter of satisfaction that we are moving on the correct and established path with a firm pace. As improvement is a never ending process, it was realized that since each employee has a responsibility to shoulder, hence every Pawan Hans member should exactly know what is IMS, what are its basics and what are the objectives of introducing and getting such certificates.

**Time to Ponder** : Is IMS beneficial to Organisation only or it is equally beneficial for individual growth too. What do we think - is the Plan-Do-Check-Act cycle applicable to projects related to organization only. Don't we carry out projects in our personal lives? It really brings us to a big question mark when we think what is education - a qualification which more or less has been completed by us or an on-going process, matching with the improvement processes i.e. the P-D-C-A cycles which is the basis of IMS. A forceful impact to click to the IMS/ISO portal provided in Pawan Hans intranet and having an insight. ( A must see navigating key is 'presentations')

Let us understand why Pawan Hans has taken so much efforts to organize such widespread training programmes on IMS. The benefits of IMS on the organizational level will be improvement of :

- Environmental and Occupational Health along with Quality
- Customer Satisfaction (internal & external)
- Platform for monitoring and control
- Regular planning and monitoring aspects of diverse yet interrelated activities
- Transparency & Visibility

## CONVERSING WITH INTEGRATED MANAGEMENT

The process of getting IMS certification started in mid 2008 by developing a robust Management System of Pawan Hans which got certified by M/s Joint Accreditation System of Australia & Newzealand, a member of International Accreditation System. IMS team regularly organizes training programmes on the subject. It has been our endeavor to cover maximum possible number of employees for the training. This exercise was undertaken earlier in 2009 (Sept –Nov) and again in 2011 (Sept –Nov). Through this training a strong team of Internal Auditors has also been developed.

The core team who is shouldering the day to day functioning of IMS is

1. Sh R B Kushwaha- Management Representative
2. Sh M P Singh – IMS Coordinator at Northern Region
3. Sh Himanshu Srivastava - IMS Coordinator at Western Region
4. Ms Bhupinder Kaur – Workman Representative

The team is working under guidance and supervision of Top Management. The dedication towards IMS is reflected by planning en-mass trainings, creating a organized Internal auditors' team, maintaining regular interaction, internal communication and organizing Management Review Meetings.

Looking at the fast changing scenario of the world and the tough competition to be faced for the times to come, Pawan Hans has not only envisioned quality service to customers but has also strived to maintain Environment and Occupational Health, including health of each employee. Pawan Hans believes that only a strong and healthy team can establish a strong and healthy organization to take on more responsibility to serve Nation.

Let us all familiarize ourselves with :

- the Objectives related to the respective departments,
- the channel, how we contribute to those objectives,
- and ultimately those objectives getting the shape of planned achievements of Pawan Hans.

*"If someone Points out your Mistake, be happy that at least someone is interesested in what you have done".*

# समाचार दर्शन





नागर विमानन मंत्रालय व पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड के मध्य संपन्न समझौता ज्ञापन 2012–13 की झलकियां।





पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड के गंगटोक स्थित बेस का संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा दिनांक 04 जून, 2012 को संपन्न निरीक्षण की झलकियां।





**Refresher training for Mi-172 and Bell 206 aircrew was conducted at NR on 19 and 20 Apr 2012. The under mentioned pilots and FE were available for the training conclave.**

**Bell 206 Stream (Pilots)**
Capt Udai Mehta, Capt G Kuruvilla, Capt Arun opal, Capt Vishal Kaushal, Capt Rajiv Sharma
**Mi172 Stream (Pilots)**
Capt UN Nayak, Capt PP Singh, Capt HPS Natt, Capt A Vohra
**Mi172 Stream (Flt Engr)**
Surinder Singh, JK Singh, PK Chaturvedi, SM Chauhan



*" When it is obvious that the Goals cannot be reached , dont adjust the Goals, adjust the action steps."*

# पवन हंस में प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 23.06.2012 को पवन हंस के प्रधान कार्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में सुपरवाइजरी स्किल डिवेलपमेंट हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलकियां







**प्रतिभागी कर्मचारी:**

**प्रधान कार्यालय :** 1. श्री एन के अरोड़ा, अनुभाग अधिकारी (का. एवं प्रशासन) 2. श्रीमती किरण तनेजा, अनुभाग अधिकारी (विधि) 3. श्रीमती सुषमा रघुवंशी, कनिष्ठ अनुभाग अधिकारी (सामग्री) 4. श्री कमल शर्मा, कनिष्ठ अनुभाग अधिकारी (प्रशा), 5. श्री रामाश्रय सिंह, कनिष्ठ अनुभाग अधिकारी (वित्त एवं लेखा) 6. श्री उमेश चन्दर सिंह कनिष्ठ सचिवीय अधिकारी (सतर्कता) 7. श्रीमती राज शर्मा, कनिष्ठ सचिवीय अधिकारी (परिचालन) 8. श्रीमती अलका ग्रोवर, कनिष्ठ सचिवीय अधिकारी (अभि) 9. श्रीमती प्रीति सिंह, कनिष्ठ सचिवीय अधिकारी (प्रशा)

**उत्तरी क्षेत्र :** 1. श्री जगवीर सिंह, अनुभाग अधिकारी (का एवं प्रशा) 2. श्री के. रमेश, अनुभाग अधिकारी (वित्त एवं लेखा) 3. श्री एम के रविन्द्रन, कनिष्ठ सचिवीय अधिकारी (वित्त एवं लेखा) 4. श्री रोहताश कुमार, अनुभाग अधिकारी (सामग्री) 5. श्री ए के सारस्वत, अनुभाग अभियंता (अभि) 6. श्री डी के डे, अनुभाग अभियंता (अभि) 7. श्री आर डी वर्मा, कनिष्ठ अनुभाग अभियंता (अभि), 8. श्रीमती मीना छाबड़ा, कनिष्ठ अनुभाग अधिकारी



## आंखें

कुदरत का वरदान है आंखें
देवी/देवता के दर्शन को श्रध्दा नमन करती है आंखें
खुशियां मिले तो छलकती है आंखें
दुखों से हो जब, सामना तो आंसूओं से नम हो जाती है आंखें
खौफ से डरकर सिमट जाती है आंखें
दुल्हन बने तो लज्जा से शर्माती है आंखें
खो जाए जो मां का लाडला तो बेचैन ममता खोजती है आंखें
कामयाबी के शिखर पर चढ़ जाए तो फक्र से उठती है आंखें
देश के शहीदों को सलाम करती है आंखें
**मातृभूमि प्रेम को वंदन करती है आंखें**

–अफरोज़ अकबर दलवी

*"Your mind is your greatest friend if you control it. But your mind is your greatest enemy if it controls you."*

# पवन हंस में हिन्दी पखवाड़ा

पवन हंस में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 14 सितंबर, 2012 से दिनांक 28 सितंबर, 2012 के मध्य किया गया । हिन्दी पखवाड़े के उदघाटन व हिन्दी दिवस को समारोहपूर्वक मनाने के लिए शुभारंभ के रूप में मुख्य आयोजन दिनांक 14 सितंबर, 2012 को नोएडा स्थित प्रधान कार्यालय में संपन्न हुआ । पवन हंस के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति वाले इस प्रेरक आयोजन में प्रधान कार्यालय में पदस्थ प्रत्येक कार्मिक ने अपनी सक्रिय व सकारात्मक उपस्थिति दर्ज करायी । विधिवत रूप में हिन्दी पखवाड़े के लिए आयोजित कार्यक्रमों की आरंभिक कड़ी के रूप में आयोजित किए इस कार्यक्रम द्वारा पवन हंस की राजभाषा के संबंध में नीति को प्रभावी ढ़ंग से अंकित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरूआत सदस्यों के हार्दिक अभिनंदन व स्वागत गान से हुई । भारत की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के प्रति अपने संकल्प को बल प्रदान करने और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दी के प्रचार प्रसार के दिए को सतत जलाए रखने की कामना के साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रजज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया गया । द्वीप प्रज्वलन के उपरांत स्वागत भाषण के क्रम में हिन्दी पखवाड़े की उपादेयता और राजभाषा हिन्दी की महत्ता को रेखांकित करते हुए बीज वक्तव्य के रूप में महाप्रबंधक, आयोजना एवं मानव संसाधन विकास विभाग सह राजभाषा सर्वकार्य प्रभारी श्री आर बी कुशवाहा ने राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका पर बल देते हुए राजभाषा विभाग द्वारा निष्पादित सेवाओं को स्पष्टता से उद्धृत करते हुए विभिन्न राजभाषायी समितियों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यों को करने की अपील की । इस क्रम में उन्होने स्पष्ट किया कि हमारे पवन हंस में राजभाषा के संबंध में सदा से सकारात्मक नीति रही है और उन नीतियों के अनुकूल कार्य निष्पादन से सकारात्मक रूप में हम राजभाषा के क्षेत्र में एक अग्रणी संगठन के तौर पर उभरेंगे ।

कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए व राजभाषा हिन्दी की मशाल को नई उर्जा प्रदान करते हुए श्री अजय कुमार गुप्ता, प्रबंधक, वित्त एवं लेखा; श्री ज्ञान प्रकाश, सहायक प्रबंधक, विपणन; श्री प्रकाश चंद शर्मा, विपणन अधिकारी एवं श्री विजय कुमार, सिविल अभियंता द्वारा क्रमशः गृह मंत्री, नागर विमानन मंत्री, नागर विमानन सचिव व अध्यक्ष एवं प्रबंध






निदेशक महोदय के द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी संदेश का पाठ किया गया ।

विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित श्री रंजीत सिंह, उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) द्वारा अनेक अनुभवों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि वरिष्ठ कार्यपालकों की प्रभावी भूमिका के बिना राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन संभव नहीं है । राजभाषा के संबंध में इस तथ्य की पुष्टी करते हुए पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यपालक श्री सिंह, द्वारा हिन्दी में काम करने की वकालत करते हुए इस बात पर बल दिया गया कि हिन्दी हमारी अपनी भाषा है, इसे समझना और इस भाषा में काम करना आसान है; जरूरत है तो बस स्वयं को इसके लिए प्रेरित करने की । कुछ इसी तरह का मिश्रित वक्तव्य अगले विशिष्ठ वक्ता श्री वी सी तिवारी, अनुभाग अधिकारी (सूचना संचार सेवा) द्वारा दिया गया । श्री तिवारी ने राजभाषायी हिन्दी को सरल सहज व सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया । हाल के वर्षों में बड़ी गंभीरता से इस तथ्य को राजभाषा से जुड़े मंचों पर दुहराया जा रहा है । भूमंडलीकरण जिसे वैश्वीकरण या खगोलीकरण जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है के दौर में हिन्दी की भूमिका निःसंदेह बढ़ी है । आज हिंदी भारत की राजभाषा से बढ़ कर पूरे वैश्विक स्तर पर प्रयुक्त होने वाली संपर्क भाषा के रूप में अपनायी जा रही है । हमें कार्यालयीन कार्य में भी इसी भावना का समुचित आदर करते हुए शतप्रतिशत कार्य हिन्दी में करने का प्रण लेना चाहिए ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्षीय संभाषण के रूप में पवन हंस के कार्यपालक निदेशक श्री संजीव बहल ने एक समेकित रूप में पवन हंस की राजभाषा नीति के अनुरूप अनुपालन की अपील करते हुए पूरे हिन्दी पखवाड़े के दौरान अपनी शत प्रतिशत भागीदारी इन कार्यक्रमों में प्रदर्शित करने की अपेक्षा पर बल दिया । अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा स्टार परफॉर्मर के चयन सहित कई अन्य नीतिगत निर्णयों को स्पष्ट किया गया ।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रवीण सिंह, वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा किया गया । राष्ट्र गान के साथ हिन्दी दिवस के इस कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ एवं हिन्दी पखवाड़े (दिनांक 14–09–2012

–28–09–2012) के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इस पूरे पखवाड़े के दौरान नोएडा स्थित प्रधान कार्यालय; सफदरजंग स्थित उत्तरी क्षेत्र कार्यालय एवं मुम्बई स्थित पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस को राजभाषा हिन्दी के लिए समर्पित दिवस के रूप में आयोजित किया गया । इसी क्रम में पूरे संस्थान में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं ।

पहली प्रतियोगिता थी यूनिकोड हिन्दी टंकण प्रतियोगिता 2012 – कंप्यूटर पर हिन्दी कार्य को बढ़ावा देने व यूनिकोड सक्रियण को प्रभावी बनाने हेतु कंप्यूटर पर हिन्दी यूनिकोड में टंकण की ऑनलाइन प्रतियोगिता दिनांक 18–09–2012 को15.00–16.00 की अवधि के मध्य उपलब्ध कराए गए आलेख को वर्ड स्वरूप में टंकित कर सामग्री को ई–मेल के माध्यम से प्रेषण की थी, जिस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया ।

दूसरी प्रतियोगिता थी सुलेख प्रतियोगिता 2012 – उपलब्ध कराए गए आलेख को अपनी हस्तलिपि में स्पष्ट, त्रुटिरहित, व सुपाठ्य लिखने की प्रतियोगिता एक साथ प्रधान कार्यालय, नोएडा; उत्तरी क्षेत्र कार्यालय; सफदरजंग व पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय, मुम्बई में दिनांक 20–09–2012 को15.00–16.00 के मध्य संपन्न हुई ।

तीसरी प्रतियोगिता थी प्रश्न मंच प्रतियोगिता 2012 – सामान्य ज्ञान के प्रश्नों; हिन्दी, पवन हंस, विमानन व सामान्य सचेतता संबंधी प्रश्नों की प्रतियोगिता प्रधान कार्यालय, नोएडा; उत्तरी क्षेत्र कार्यालय; सफदरजंग व पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय, मुम्बई में एक साथ दिनांक 21–09–2012 को 15.00 से 16.00 के मध्य संपन्न हुई ।

इन प्रतियोगिताओं में पवन हंस के कार्मिकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और एक अभियान के तौर पर पवन हंस को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाने का प्रण लिया । वस्तुतः इन प्रतियोगिताओं में अपनी दावेदारी प्रदर्शित करना राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने नैतिक अनुराग को प्रदर्शित करने के समान है ।

हिन्दी पखवाड़े के क्रम में अन्य विशेष आयोजनों के रूप में सफदरजंग एयरपोर्ट स्थित उत्तरी क्षेत्र कार्यालय में प्रधान कार्यालय, नोएडा व




सफदरजंग एयरपोर्ट स्थित, उत्तरी क्षेत्र कार्यालय के कर्मचारियों की सम्मिलित भागीदारी वाली एक हिन्दी कार्यशाला दिनांक 17–09–2012 को संपन्न हुई । इस एक दिवसीय कार्यशाला में दोनों कार्यालयों के वरिष्ठ कार्यपालकों व कर्मचारियों ने भागीदारी प्रदर्शित की । कार्यशाला के सैदांतिक सत्र में नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त निदेशक (राजभाषा), श्री टेक चंद मंगला द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । कुछ इसी तरह के वातावरण में दिनांक 27–09–2012 को पवन हंस के पश्चिमी क्षेत्र स्थित कार्यालय परिसर में एक अन्य कार्यशाला संपन्न हुई । पवन हंस के पश्चिमी क्षेत्र स्थित कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति के मध्य व्याख्यान एमटीएनएल के सेवानिवृत राजभाषा अधिकारी मो. कलीम द्वारा दिया गया ।

पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड का राजभाषा अनुभाग हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित उपरोक्त प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभागिता प्रदर्शित करने वाले सभी प्रतिभागियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन करता है और कामना करता है कि आप सभी पवन हंस में राजभाषा हिन्दी का ध्वज वाहक या कहें कि राजभाषा हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर बनकर पूरे पवन हंस में राजभाषा हिन्दी के प्रति अपनी सकारात्मक उर्जा से एक ऐसे परिवेश का निर्माण करें जिससे हमारे अपने पवन हंस का नाम राजभाषा हिन्दी के मुक्ताकाश पर भी छा जाए ।





# राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी प्रमुख बिन्दु

## पत्राचार एवं दस्तावेजीकरण संबंधी

- हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिन्दी में दिए जाएँ।
- निम्नलिखित कागजात द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) अनिवार्य रूप से जारी किए जाएँ–

  संकल्प, सामान्य आदेश, प्रेस–विज्ञप्ति/विज्ञापन, परिपत्र, सूचनाएँ, नियम, संविदाएँ तथा करार, प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए जारी होने वाले सभी कानूनी व अन्य कागजात, उच्चतर अधिकारियों को भेजे जाने वाले सभी प्रशासनिक एवं अन्य प्रतिवेदन, संसद को प्रस्तुत होने वाले सभी प्रतिवेदन एवं रिपोर्ट इत्यादि।
- 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों पर पते, देवनागरी में लिखे जाएँ।
- कार्यालय में होने वाले प्रत्येक सम्मेलन, बैठक की सूचना, कार्यसूची तथा कार्यवृत्त द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) जारी किए जाएँ।
- सुनिश्चित करें कि आपके कार्यालय में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हिन्दी में पत्राचार किया जाए।
- जिन कार्यालयों में 80 प्रतिशत कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, उन्हें राजभाषा नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित करने के लिए मुख्यालय को लिखा जाए।
- हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधित कार्यालय को समय पर प्रस्तुत की जाए।

## राजभाषा नियम, 1976 के अनुसार भाषिक क्षेत्र

**क क्षेत्र** – उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र।

**ख क्षेत्र** – गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और चंडीगढ़, दमन ओर दीव तथा दादरा व नगर हवेली और संघ राज्य क्षेत्र।

**ग क्षेत्र** – पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू व कश्मीर, गोवा, असम, मणिपुर, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, पांडीचेरी संघ राज्य क्षेत्र।

## हिन्दी में प्रवीणता

किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है यदि

(क) उसने मैट्रिक परीक्षा उसके समकक्ष या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी माध्यम से उत्तीर्ण की है, अथवा

(ख) स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा के समतुल्य या उससे उच्चतर, किसी अन्य परीक्षा में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया हो, अथवा

(ग) वह इन नियमों के उपाबद्ध प्ररूप में यह घोषण करता है कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है।

## हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान

किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी का कार्यसाधक प्राप्त कर लिया है यदि उसने

- मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्च परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण की है, अथवा
- केन्द्रीय सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदों के संबंध में निर्धारित कोई निम्नतर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## प्रशिक्षण संबंधी

- अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है, उन्हें कार्यालयों द्वारा संचालित हिन्दी कक्षाओं अथवा हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा संचालित स्थानीय हिन्दी कक्षाओं में भेजा जाए या फिर उन्हें पत्राचार पाठयक्रम में नामित किया जाए।
- अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान है, उन्हें हिन्दी कार्यशालाओं के लिए नामित किया जाए।
- हिन्दी को एक विषय के रूप में प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाए। 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शिक्षा का माध्यम हिन्दी हो।

## लेखन–सामग्री संबंधी

- पत्रशीर्ष, फार्म रजिस्टर, फाइलें, मुलाकाती पत्र, परिचय पत्र एवं अन्य सभी लेखन सामग्रियाँ द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) मुद्रित की जाएँ।
- पोस्टर, स्टिकर और इस प्रकार की अन्य सामग्रियाँ द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) मुद्रित की जाएँ।
- भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय मानक स्वरूप (0,1,2,3,4,5,6,7,8,9) का ही उपयोग किया जाए।
- सभी रबड़ मोहरें/सीलें द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) बनवाई जाएँ।
- कार्यालय का नाम व पता, लिफाफों पर द्विभाषी (हिन्दी व अंग्रेजी में) मुद्रित किया जाएँ।

## अन्य बिन्दु

- सभी सूचना फलक त्रिभाषी (अर्थात् क्षेत्रीय भाषा, हिन्दी और अंग्रेजी) हों तथा इन तीनों के अक्षरों के आकार भी समान हों।
- सूचना फलकों के अलावा अन्य दूसरे बोर्ड जैसे समय सूचिका, आपातकालीन सूचनाएँ आदि द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी में) बनाए जाएँ। क्षेत्रीय भाषा आवश्यकतानुसार लिखी जाए।
- नाम संकेत/पदनाम द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी में) होने चाहिए।

# OPERATIONS DURING PRE-MONSOON AND MONSOON WEATHER PHENOMENON



AIR. CMDE. ALOK KUMAR

1. With onset of pre-monsoon phase in the country we are entering into adverse weather conditions where atmospheric transparency is severely affected by wide spread dust raising winds in North, North West India and heavy rain and low clouds in Southern Peninsula. At times, extreme heat wave conditions may also prevail affecting not only performance of helicopter but also the air crew / ground staff. Bihar, Chhattisgarh as well as Northern States are affected by phenomenon of "Kaal-Baisakhi" affecting large areas with sudden thundery development associated with high speed winds in which visibility is reduced significantly which affects the safe conduct of aviation activities .This phenomenon, mostly occurs during afternoon and late evening hours.
2. Southern Peninsula also remains affected with sporadic thundery development in Ghats. During monsoons, Bombay High, Andaman and Lakshadweep areas are adversely affected by low clouds and heavy and at times blinding rains. In nutshell, we the aviators have to constantly and carefully watch any adverse weather that can affect the safe conduct of flights during pre- monsoon and monsoon period.
3. All aircrew are therefore, advised to always obtain updated Meteorological Briefing for destination, enroute as well as alternates airfields and helipads. The website of IMD must be utilized to obtain both general and specific area met conditions.
4. All supervisors should specially monitor recently endorsed PICs and as far as possible, these PICs should be paired with experienced and compatible senior aircrew / PICs.
5. DGCA Wide CAR Section 8 Series C part I on Adverse Weather / Monsoon operations has issued exhaustive guidelines for release of new Pilot - in Command after complimentary Competence , Concurrent and Simulator checks ( where required ) which must be completed in respect of new PICs well before the onset of monsoon .
6. Further , DGCA circular on Monsoon operations JDG / MISC / 2007 dated 15 may 2007 concerning awareness on bird activity during low flying and Aerial work , ATC / aerodrome facilities and action required to be taken by Engg. and Operations departments . ASC Circular No 7 /2005 lays down the instruction on Water Detecting Devise for Aviation fuel during monsoon should also be referred.
7. You would agree with me that your awareness and pro-active approach to combat adverse weather components will go a long way in ensuring that every flight culminates into a **HAPPY AND SAFE LANDING.**

# ACHIVEMENTS – APRIL, 2012 TO JUNE, 2012

- Successfully carried out Kedarnath operations from Phata to Kedarnath during May-June 2012 yatra seasons (w.e.f. 9/5/2012 to 20/6/2012). During the yatra 12025 pilgrims have availed the services and reposed confidence in the services of Pawan Hans.
- Against the Production Task Contract awarded by ONGC to Pawan Hans for deployment of 7 Nos. Dauphin N3 helicopters, a total of 7Nos. Dauphin N3 helicopters have already been deployed with ONGC. 4 Nos. additional Dauphin N (AS 4 compliant) helicopters were also provided to ONGC for short duration to meet their emergent requirement.
- Provided one brand new air conditioned Dauphin N3 (VT-PHD) helicopter acquired by Pawan Hans for NTPC w.e.f. 13/5/2012 in place of Dauphin N helicopter provided on lease to NTPC.
- Amarnath Shrine Board issued Letter of Award of Contract to Pawan Hans for provision of "Helicopter Services for the Shri Amarnathji Yatra 2012 & 2013" on Pahalgam-Panjtarni-Pahalgam sector. Services have commenced w.e.f. 26 Jun 2012 during this yatra season.

# ACHIVEMENTS – JULY, 2012 TO SEPTEMBER, 2012

- Oil India Ltd. awarded contract for deployment of one AS 350 B3 helicopter for a period of six month (effective 1/10/2012).

- Govt. of Himachal Pradesh awarded the contract for wet lease of one large (Mi-172) helicopter for an initial period of 5 years against global tender floated by them.

- Govt. of Assam awarded LOI for wet lease of a Dauphin N helicopter for an initial period of one month. Accordingly, one Dauphin N helicopter deployed with the State Govt. w.e.f. 1st September, 2012.

- Received delivery of both brand new 2 Mi-172 helicopters from RHC, Russia on 28 Aug 2012.

- Govt. of Mizoram awarded contract for charter hire of Dauphin N helicopter for a period of two years, extendable for another one year on mutually agreed terms & conditions against the global tender floated by them. The services were commenced w.e.f. 14 Aug 2012.

- Govt. of Meghalaya awarded contract for charter hire of Dauphin N3 helicopter for a period of one year, which may be extended upto another three years (one year at a time) against the global tender floated by them. The services were resumed by providing a Dauphin N3 helicopter w.e.f. 26th July, 2012.

- GAIL (India) awarded contract for charter hire of Bell 407 helicopter for a period of two years for surveillance of their pipeline against the global tender floated by them. One AS 350 B3 helicopter deployed with GAIL w.e.f. 21.7.2012 against the above contract.

***************



# Pawan Hans

*Pawan Hans never pause,*
*May be for few days.*
*Pawan Hans never cause,*
*Other than few delays.*
*Pawan Hans flies butterflies,*
*Better than those other.*
*Pawan Hans always smiles,*
*With many miles to cover.*
*Pawan Hans ever grows,*
*Like an ever growing child.*
*Pawan Hans never throws,*
*Some one who is wild!*
*Pawan Hans flies customers,*
*For their destination.*
*Pawan Hans flies tricolours,*
*For the cause of the nation.*
*Pawan Hans hovers allover,*
*With the flying colours.*
*Pawan Hans bothers everybody,*
*Who cares Bharat mother.*
*Pawan Hans is evergreen,*
*It is nations pillar.*
*Mountain, plain, or ocean,*
*Pawan Hans is conqueror.*
*Pawan Hans never repents,*
*For jittery past sorrows.*
*Pawan Hans thinks present,*
*To represent better tomorrow.*
*Pawan Hans reined in recession,*
*Took new choppers possession.*
*Pawan Hans can windup,*
*Any head wind like situation.*
*Pawan Hans took off vertically,*
*And the sky is the limit.*
*High is its morality,*
*High is its spirit.*
*Lastly, wish all customers*
*Happy journey and happy landing*
*Your faith and cooperation*
*Made Pawan Hans outstanding.*

*-Tanmoy karmakar*

# REINTRODUCTION OF HELICOPTER SERVICES IN THE STATE OF MEGHALAYA

Pawan Hans Helicopters Ltd., has been playing pivotal role in providing air connectivity across the country by way of regular passenger services particularly in the remote in inaccessible areas of North East Region, charter services including meeting the requirements of vital offshore support services.

Pawan Hans was operating regular passenger services by providing a Dauphin Helicopter under the aegis of the State Government of Meghalaya since 1999 onwards.

It is a matter of pride that Pawan Hans bagged the Contract from the State Government of Meghalaya against the international tender process for charter hire of a medium helicopter for a period of two years. Based on the award of the Contract by the State Govt., Pawan Hans has deployed one twin engine Dauphin AS 365 N3 helicopter w.e.f. 26th July, 2012 onwards for running regular passenger services and meeting the other requirements under the aegis of the State Govt. of Meghalaya.

Hon'ble Chief Minister of Meghalaya graced the occasion and flew in the Inaugural Flight from Guwahati to Shillong on 26th July, 2012. Shri Anil Srivastava, IAS, Chairman & Managing Director, Pawan Hans welcomed Hon'ble Chief Minister at Guwahati Airport and offered the helicopter to the Govt. of Meghalaya

It is worth mentioning that in the North Eastern Region, Pawan Hans has presently deployed helicopters for Govt. of Sikkim, Tripura, Ministry of Home Affairs and Oil India. The Company has plans to further expand services in Mizoram shortly.



# Reintroduction of Pawan Hans Helicopter services in Meghalaya on 26th July 2012.














The function was formally inaugurated by Hon'ble Chief Minister of Meghalaya, Sh Mukul Sangma, in presence of Hon'ble CMD, Sh Anil Srivastav, IAS, at 1300 hrs, at LGBI airport, Guwahati. Sh MP Singh, GM (NR), Sh KS Manilal, DGM (NE) and Sh Jayanto Ghosh, ADAW, Guwahati also attended the function besided officers from AAI, Guwahati.




WE fly FOR YOU

# पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड

## PAWAN HANS HELICOPTERS LIMITED

Mini Ratna : A Govt. of India Enterprise

C-14, Sector 1, Noida -201301 (U.P.)
Website : www.pawanhans.co.in
E-mail: plng&hrd@pawanhans.co.in

इस पत्रिका में प्रकाशित की गई सामग्री संबधित लेखकों की है। यह आवश्यक नहीं कि पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड उनके विचारों से सहमत हो।

पाठक अपनी प्रतिक्रिया निम्नांकित पते पर भेज सकते हैं:–

श्री आर बी कुशवाहा, महाप्रबंधक (आयोजना एवं मानव संसाधन विकास)
प्रधान सम्पादक, हंसध्वनि, पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड, सी–14, सैक्टर 1, नौएडा–201301 (उ.प्र.)
ई–मेल: plng&hrd@pawanhans.co.in

Designed & printed by Alaknanda Advtg. Pvt. Ltd.